श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ६ ● अंक : ७०

फरवरी-२०१६

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०२
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०३
०३.	श्रीकृष्णने नरनारायणदेव की मूर्ति बनवाई	४
०४.	महिमा युक्त मूलीधाम में महोत्सव सम्पन्न	६
०५.	क्या महाराज को सत्यरुप में प्रसन्न करना है	८
०६.	जैसी है वैसी बात	९
०७.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१०
०८.	सत्संग बालवाटिका	१२
०९.	भक्ति सुधा	१४
१०.	सत्संग समाचार	१७

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● वंशपारंपरिक देश में ५०१-०० ● विदेश १०,०००-०० ● प्रति कोपी ५-००

॥ अस्मदीयम् ॥

इस वर्ष ठन्ढी अच्छी पडी । ऋतु के चक्रानुसार (क्रमानुसार) ऋतु का प्रभाव रहे तो अच्छा होता है, तभी जगत के प्राणी मात्र को सुख मिलता है । समग्र सृष्टि का जीवन सानुकुल हो जाता है ।

महाराज ने हम सभी पर खूब कृपा की है । हम सभी के लिये सब कुछ अनुकूल कर दिये है । यदि हम उनकी आज्ञा का पालन आज्ञात्मक ढंग से करें तो सबकुछ हस्तामलकवत् हो जाय । इस विषय पर प.पू., बड़े महाराजश्री वारंवार कहते है कि दुःख को हम स्वयं आमंत्रण देते हैं । आज्ञा का पालन न करना भी दुःख है । इसलिये विशेष रुप से आज्ञापालन करने के लिये सचेष्ट रहना चाहिये ।

सर्वावतारी श्रीहरिने संप्रदाय में सर्व प्रथम श्रीनगर अमदावाद में स.गु. आनंदानंद स्वामी से तीन शिखरवाला अद्वितीय बेनमून मंदिर का निर्माण कराकर स्वयं अपनी बांहो में भकर स्वस्वरुप परमकृपालु परमात्मा भरत खंड के राजाधिराज श्री नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा करके समग्र आश्रितों के कल्याण का मार्ग खोल दिया । ऐसा महाप्रतापी श्री नरनारायणदेव का १९१ वाँ पाटोत्सव-महोत्सव फाल्गुन शुक्ल-३ को संप्रदाय के श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. बड़े महाराजश्री, लालजी महाराजश्री के वरद् हाथों वेद विधिसे संपन्न होगा । देश विदेश के सभी भक्तों को ऐसा अलौकिक दर्शन का लाभ लेने के लिये सादर अनुरोध है ।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१३)

३. श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली पारायण प्रसंग पर पदार्पण।

५. श्री स्वामिनारायण मंदिर माणसा शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

सायंकाल - रामपर (कच्छ) पदार्पण।

६. रामपर (कच्छ) पदार्पण।

७. श्री स्वामिनारायण मंदिर माणेकपुर तथा महादेवनगर (अमदावाद) शाकोत्सव प्रसंग पर पदार्पण।

१०. से ३१. जनवरी तक सीडनी तथा पर्थ (ओस्ट्रेलिया) नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर (मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर पदार्पण वहाँ से अमेरिका के लिये धर्म प्रवास हेतु पदार्पण)

प.पू. भावि आचार्य १०८ श्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जनवरी-२०१३)

११. से ३० जनवरी श्री स्वामिनारायण मंदिर सीडनी तथा पर्थ (ओस्ट्रेलिया) मूर्ति प्रतिष्ठा प्रसंग पर तथा मेलबोर्न (ओस्ट्रेलिया) मंदिर के प्रथम पाटोत्सव प्रसंग पर पदार्पण वहाँ से ओकलेन्ड (न्युझीलेन्ड) पदार्पण।

श्रीकृष्णने नरनारायणदेव की मूर्ति बनवाई

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुर धाम)

अपने सम्प्रदाय में विश्व का सर्व प्रथम श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में निर्मित हुआ । जिस में अनंतकोटि के ब्रह्मांडाधिपति राजाधिराज परब्रह्म परमात्मा भगवान तपस्वी श्री नरनारायणदेव महाप्रभु की प्रतिष्ठा श्री स्वामिनारायण भवान ने अपने बांहो में भरकर की थी । जिसकी जयजयकार पूरे देश में हुई थी । श्री नरारायणदेव की युगल गाथा अलौकिक है । जो कोई इस स्वरुप का मनन, चिन्तन, श्रवण करता है तो उसके जन्मजन्मान्तर के पाप धो उठते है ।

अंग्रेज गवर्नर सर डनलोप के पुण्य प्रयास से रानी विक्टोरिया ने ''यावच्चन्द्र दिवाकरौ'' पर्यन्त जमीन लिखकर भेंट कर दिया । इसके बाद श्रीहरिने शिल्पशास्त्र के पंडित ज्योतिर्धर पूर्वाश्रम में भरतपुर राज स्थान के सद्‌गुरु स्वामी को मंदिर बनाने का सम्पूर्ण कार्यभार सौंप दिया । मात्र दो वर्ष के स्वल्प समय में मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया । इसके बाद आनंदानंद स्वामीने महाराज के पास मूर्तियो के निर्माण हेतु सन्देश भेंज दिया । उस समय श्रीहरिने शुद्धज्ञानानंद स्वामी, नृसिंहानंद स्वामी तथा सुखानंद स्वामी को मूर्ति के विषय में जानकारी देकर डुंगरपुर के लिये भेंज दिया । वहाँ पर कुछ दिनों में ही श्री नरनारायण के सिवाय मूर्तियो का निर्माण होते ही ऊंट पर लदवाकर अमदावाद के लिये प्रेषित करवा दिया । श्री नरनारायणदेव भगवान के स्वरुप का शिल्पी इससे पूर्व कभी श्री नरनारायणदेव की मूर्ति को नही बनाया था, इसलिये द्विधा में बिलम्ब हो रहा था । संत जल्दी काम पूर्ण करने के लिये बार-बार उलहना दे आते थे । परंतु विलम्ब तो हो ही रहा था । इतने में आनंदानंद स्वामीने पत्र लिखकर भेंजा कि अब मंदिर का काम पूर्ण हो गया है । श्रीहरि थोडे समय में वहाँ आयेंगे । १८७८ फाल्गुन शुक्ल-३ को प्रतिष्ठा करने की पत्रिका गाँव गाँव में प्रेषित कर दी गयी । मुख्य स्वरुप श्री नरनारायणदेव की मूर्ति आजतक नहीं आई । हमे बहुत चिन्ता हो रही है । जिस कीसी तरह माघ कृष्ण अमावस्या तक आजाय तभी इज्जत बचेगी, अन्यथा संप्रदाय का प्रथम मंदिर मुख्य मंदिर के अभाव में प्रतिष्ठित नहीं हो सकेगा, विरोधियों के लिये निंदा का अवसर हो जायेगा । महाराज की डांट सुननी पडेगी ।

पत्र पढकर तीनो संत महाराज की प्रार्थना करने लगे कि हे प्रभु ! यह अब शिल्पी के हाथ की बात नहीं है । आप कृपा कर दीजिये, मूर्तियाँ जल्दी तैयार हो जांय । उसी रात्रि में महाराज ने दर्शन देकर कहा कि पूर्व दिशा में अमुक वृक्ष के नीचे मूर्ति को जमीन में गाड़कर रखा गया है, आपलोग वहाँ जांये, उसे निकलवाकर भेंजे । सुबह होते ही संत प्रभु के बताये स्थान पर जाते हैं वहाँ जिस खेत में मूर्तियाँ थी वह खेत शिल्पी का था । अति मनोहर सुंदर श्यामवर्ण की श्री नरनारायणदेव भगवान के स्वरुप को जमीन के भीतर से बाहर निकाला गया । संत ऊँट गाड़ी में रखकर प्रातः पहुंचने के प्रयास में थे । लेकिन १८० कि.मी. एक रात्रि में सम्भव नहीं था ।

लेकिन प्रभु की लीला दिव्य देवलोक में से ऊँटवाले एकरात्रि में मंदिर का दरवाजा खुले उससे पहले पहुंचा दिये।

इधर आनंदानंद स्वामी को रात-दिन निद्रा नहीं आती थी। रात्रि में ऊँट पर मूर्तियों को देखकर स्वामी की तपस्या सफल हो गयी। बड़ी सजगता के साथ मूर्तियों को नीचे उतारा गया। ऊँटवाले को मजदूरी देने लगे तो वह नहीं लिया। उसने कहा कि हमारे मालिक ने भाड़ा लेने के लिये मना किया है। थोडी देर में दरवाजे से बाहर जाते ही ऊँट तथा ऊँटवाला अदृश्य हो गया।

प्रात: श्रीहरि मूर्तियों को देखने के लिये पधारे तब खुब प्रसन्न हुये। मूर्तियों को देखकर कहने लगे कि ये मूर्तियाँ भक्तों के साथ वात करें ऐसी है हम केवल भगवान श्री नरनारायणदेव के विषय में लिखना चाहते हैं। महाराजने संतो को स्वप्न में जो कहा था वह जानने योग्य है। अमदावाद मंदिर में विराजमान श्री नरनारायणदेव की कथा इस तरह है-

एकबार भगवान श्रीकृष्ण बद्रिकाश्रम पधारे। कठिन तपस्या करते हुये भगवान श्री नरनारायण को देखे। भरत खंड के भक्तों के सुख एवं कल्याण के लिये तप करने वाले दोनो स्वरुपों की पूजा किये। उस समय वे संकल्प किये कि भरत खंड में भव्य मंदिर बनाकर उसमें इन दोनो दिव्य स्वरुपों को प्रतिष्ठित करना है।

भगवान श्री कृष्ण द्वारिका आये। अपनी देखरेख में बद्रिकाश्रम में तप करने वाली वैसी श्री नरनारायण की श्याम वर्ण की मूर्ति शिल्पी के पास बनवाये।

भगवानश्री कृष्ण का अवतार काल राक्षसो के बधमें तथा अधर्म के नाश में बीत गया। मंदिर बनाने का समय नहीं मिला। इसलिये भगवान स्वामिनारायण के स्वरुप में होकर डुगंरपुर में जमीन के भीतर गाड़ी हुई उन मूर्तियों के रहस्य को जानते थे। जो शिल्पी काम किये थे उन्हीं के खेत में जमीन के भीतर गाड़ी हुई मूर्तियों की देख भाल करने का कार्यभार सौंपा गया था। समय बीत गया था फिर भी ५००० पाचं हजार वर्ष के बाद भी वे मूर्तियां जैसी की तैसी थी। उनके रखरखाव का ध्यान रखा गया था। जिसे स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने अपने उपस्थिति में बनवाई थी, जिसे स्वयं भगवान अपनी बांहो में भरकर प्रतिष्ठित किये हो ऐसी मूर्तियों का वर्णन बड़ा दिव्य है, अलौकिक है। जिन मूर्तियों को श्रीहरिने प्रतिष्ठित किया वे मूर्तिया आज भी यथा स्थान विराजमान है। मात्र वे मूर्तियां अमदावाद कालुपुर में ही है अन्यत्र कहीं नहीं।

मूर्तियों की प्रतिष्ठा करके चौखट पर बैठकर अनंत कोटि ब्रह्मांड के अधिपति भगवान स्वामिनारायण ने कहा कि हम श्री नरनारायणदेव की मूर्तियों में विराजमान होकर भक्तों के मनोरथ को पूरां करेंगे। हम में तथा नरनारायणदेव में कोई अन्तर नहीं है। जो भेद मानंगे वे गुरु द्रोही तता वचनद्रोही कहे जायेंगे। वचनामृत अमदावाद : ६-७, जेतलपुर : ५, ग.प्र. ४८-७४, सारंगपुर : १६, इन प्रकरणों से प्रमाणित हुआ है। इसीलिये अमदावाद में मूर्ति प्रतिष्ठा के बाद भी भुज में श्री नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा किये, लेकिन अन्यत्र नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा कहीं नहीं मिलती जो भी स्वरुप है वे भगवान के ही है। नाम भेद मात्र हैं। जूनागढ में रणछोडराय - त्रिकमराय नाम करण किये। लेकिन वे भी भगवान श्रीनरनारायणदेव ही है।

अमदावाद में बिराजमान श्री नरनारायणदेव भगवानकी मूर्तियों का अनुकरण आज तक कोई नहीं कर सका। भविष्य में भी कोई कर नहीं सकेगा। यह भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त स्वरुप है। कितना सुंदर मनोहर, नयनरम्य, दिव्य, अलौकिक, मनमोहक शान्त, धैर्यवान, प्रगट पूर्ण पुरुषोत्तम अक्षरधाम के अधिपति, तपस्वी स्वरुप, धर्म-मूर्तिनन्दन, श्री नरनारायणदेव भगवान विराजमान है। जिन्हे इन स्वरुपों की प्रतीति हो उनके भाग्य की कोई सीमा नहीं। श्रीजी महाराज तथा श्री नरनारायणदेव में लेशमात्र भेद नहीं है। जिस में यह भेद दिखाई देगा उसके दुर्भाग्य का कोई अन्त नहीं। क्योंकि धर्मसुत का वचन ही धर्म है।

स.गु. ब्रह्मानंद स्वामी द्वारा निर्मित महिमा युक्त मूलीधाम में महोत्सव सम्पन्न

- स.गु. स्वा. श्यामसुन्दरदासजी (महंतश्री मूली)

श्रीजी महाराज के प्रिय सखा स.गु. ब्रह्मानंद स्वामी जिन्होंने भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था। स्वामिनारायण भगवानने उस मंदिर में महाप्रतापी श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज को अपने हाथों प्रतिष्ठित किया था। ऐसे मूली धाम में श्री स्वामिनारायण मंदिर के प्रांगण में महोत्सव सम्पन्न हुआ था।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से यहाँ के मंदिर में महंत स्वामी स.गु. श्यामसुन्दरदासजी की प्रेरणा से प.भ. श्री रमेसभाई नारणभाई खेताणी परिवार की तरफ से श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन किया गया था। जिस में १४ संहितापाठ, अन्नकूट दर्शन, रात्रिय कार्यक्रम, व्याख्यान माला, इत्यादि कार्यक्रम भी ता. ३१-१२-१२ से ता. ६-१-१३ तक आयोजित हुए थे।

श्रीमद् भागवत सप्ताह पारायण की पोथीयात्रा धूमधाम से निकाली गयी थी। कथा के वक्ता स्वा. रामकृष्णदासजी थे। सात दिन तक कथा श्रवण करने वाले हरिभक्तों को भोजन-प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। कथाश्रवण के बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होते थे। महोत्सव के तीसरे दिन ता. २-१-१३ को बहनो की सभा में सभी खेताणी परिवार के यजमान बहनो को दर्शन तथा आशीर्वाद का सुख प्रदान करने के लिये प.पू. बड़ी गादीवालाजी पधारी थी। रात्री के भजन सन्ध्यापर वांकानेर के ध्यानी मंडल के भक्तब्रह्मानंद स्वामी के कीर्तन की धारा वहा दी थी। ता. ३-१-१३ को प्रातः सत्र में श्रीमद् भागवत कथा के अन्तर्गत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था। श्रीजी महाराज ने आज से १९० वर्ष पूर्व इसी मूर्ति के सामने शाकोत्सव किया था। जहाँ पर आज के दिन भी शाकोत्सव किया गया था। जिस में शाग बघारने का कार्य प.पू. आचार्य महाराजश्रीने किया था. इस अवसर पर १० हजार जितने भक्त लाभ लिये थे। अन्त में प.पू. महाराजश्रीने सभी को राधाकृषणदेव की निष्ठा दृढता से करने की सलाह दी थी। आगामी गुरु पूर्णिमा मूली में भव्यता के साथ मनाई जायेगी। अन्त में यजमान परिवार के सुपुत्र किशन की बर्थडे भी प.पू. महाराजश्री के सानिध्य में मनाया गया था। रात्रि के सभी कार्यक्रम कलाकार पूरवभाई पटेल तथा मयंक मोदी के द्वारा सम्पन हुआ था।

महोत्सव के पांचवे दिन ता. ४-१-१३ को प्रातः सत्र में त्रिदिनात्मक यज्ञ का प्रारम्भ किया गया था। इस यज्ञ का लाभ भी खेताणी परिवार को मिला था। सभा में बहनो के विभाग में यजमान परिवार के बहनों के आमंत्रण पर प्रत्येक स्थानों से १०० जितनी सां.यो. बहनें सात दिन तक विराजमान थी। इस तरह दोनो समय सुन्दर कथा तथा रात्रि में भव्य सत्संग डायरा का कार्यक्रम होता था। महोत्सव के छठे दिन ५-१-१३ को प्रातः प.पू. महाराजश्री की आज्ञा से तथा यजमान परिवार के प्रेम के कारण सभी को सुवासिनी भाभी के कंगन का दर्शन हुआ था। यह प्रसंग सभी के लिये अविस्मरणीय है। बहनों की सभा में प.पू. बड़े महाराजश्री की बड़ी बहन तथा दोनो भांजी भी उस कंगन का दर्शन की थी।

सभा के दूसरे सत्र में प.पू. लालजी महाराजश्री पधारे थे, उस समय मांडवराय मंदिर से शोभायात्रा निकाली गयी थी। जिसमें मूली गाँव के क्षत्रिय भक्तोंने

क्षत्रीय वेष धारण करके सेवा का लाभ लिये थे। बाद में प.पू. लालजी महाराजश्री सभा में पधारकर दर्शन-आशीर्वाद का लाभ दिया था। बहनों के विभाग में बहनो की गुरु प.पू. लक्ष्मीस्वरुपा गादीवालाजीने भी खेताणी परिवार को बहनो की दर्शन का लाभ देने पधारी थी। महोत्सव के अन्तिम दिन प्रातः संतो द्वारा श्री राधाकृष्णदेव के यज्ञ की पूर्णाहुति की गयी थी, बाद में सभा में पधारे थे। सभा में यजमान परिवार को शुभाशीर्वाद प्रदान करके मूर्ति को प्रसाद के रुप में भेंट किया था। अन्त में कथा की पूर्णाहुति की आरती उतारी गयी थी। ऐसे कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुये मूली के महंत स्वामीने श्री राधाकृष्णदेव की कृपा प्रसाद की महिमा वर्णित किया था। सात दिन तक संहिता पाठ के वक्ता सात संत तथा सात ब्राह्मणों का पूजन प.पू. बड़े महाराजश्री के द्वारा किया गया था। इस आयोजन के समय पांचवे दिन सायंकाल के सत्र में कथा के अन्तर्गत रुक्मिणी विवाह का आयोजन किया गया था। जिस में वरपक्ष के यजमान लालजीभाई थे तथा कन्या पक्ष के यजमान श्री रमेशबाई थे।

सातो दिन तक सायंकाल संतो द्वारा व्याख्यान माला का भी आयोजन किया गया था। जिस में पू. पी.पी. स्वामी (जेतलपुरधाम), स्वा. सूर्यप्रकाशदासजी (वांकानेर), स्वा. उत्तमप्रियदासजी (चराडवा), स्वा. बालस्वरुपदासजी (मूली), स्वा. सत्यप्रकासदासजी मूली), स्वा. धर्मवल्लभदासजी (मोरबी), स्वा. निलकंठचरणदासजी (हलवद), इत्यादि संतोने व्याख्यान का लाभ दिया था। इस प्रसंग पर बड़ी संख्या में संत पधारे हुये थे। समग्र आयोजन स्वा. हरिकृष्णदासजी (अमदावदा महंत), स्वा. देवप्रकाशदासजी (नारायणघाट महंत(, स्वा. कृष्णवल्लभदासजी (सुरेन्द्रनगर महंत), स्वा. सूर्यप्रकाशदासजी (वांकानेर), स्वा. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट महंत(, स्वा. जयकृष्णदासजी, को. व्रजभूषणदास, स्वा बालस्वरुपदास, स्वा. मुकुन्ददासजी, स्वा. हरिकृष्णदासजी, स्वा. नारायणप्रियदासजी, जे.पी. स्वामी, स्वा. अनिरुद्धदासजी, स्वा. प्रेमवल्लभदासजी, स्वा. सत्यप्रकाशनदासजी, पार्षद प्रवीण भगत, पार्षद चंदु भगत, पार्षद भरत भगत इत्यादि संत-भक्तो के सहयोग से कार्यक्रम सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ था।

इस प्रसंग में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल मूली देश की सेवा सराहनीय थी। सम्पूर्ण महोत्सव में सभा का संचालन स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजीने किया था।

अपने आगामी उत्सव

माधशुक्ल-१२ शुक्रवार ता. २२-२-२०१३ धरियावद (राज.) श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

माधशुक्ल-१४ रविवार ता. २४-२-२०१३ वासणा-अमदावाद श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

माधकृष्ण-२ बुधवार ता. २७-२-२०१३ महेसाणा श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

माधकृष्ण-३ गुरुवार ता. २८-२-२०१३ लींबडी श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

माधकृष्ण-५ शनिवार ता. २-३-२०१३ नारायणघाट श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

माधकृष्ण-६ रविवार ता. ३-३-२०१३ मोरबी श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

फाल्गुन शुक्ल-२ बुधवार ता. १३-३-२०१३ चराडवा, मांडवी (कच्छ) तथा भुज श्रीहरिकृष्ण महाराज का पाटोत्सव।

फाल्गुन शुक्ल-३ गुरुवार ता. १४-३-२०१३ श्री स्वामिनारायण मंदिर अमदावाद परमकृपालु श्री नरनारायणदेव का पाटोत्सव एवं श्री स्वामिनारायण म्युजियम का स्थापना दिन।

फाल्गुन शुक्ल-४ शुक्रवार ता. १५-३-२०१३ सापावाडा श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

फाल्गुन शुक्ल-५ शनिवार ता. १६-३-२०१३ कांकरिया (रामबाग) श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

फाल्गुन शुक्ल-७ मंगलवार ता. १९-३-२०१३ खाण (राजस्थान) श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

फाल्गुन शुक्ल-८ बुधवार ता. २०-३-२०१३ एप्रोच-बापूनगर श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव।

क्या महाराज को सत्यरुप में प्रसन्न करना है

- जयंतीलाल के. सोनी

इससे पूर्व के लेख में निष्कामधर्म की वात की थी। जो निष्काम वर्तमान का पालन करता है तो उसमें सभी धर्म अपने आप आ जाते हैं। जो सभी धर्म का पालन करे और निष्काम धर्म का पालन न करे तो सभी धर्म चले जाते हैं। इसी सन्दर्भमें एक कहावत है।

संपत्ति का नाश हुआ तो कुछ का नाश नहीं हुआ, स्वास्थ्य का नाश हुआ तो थोड़ा नाश कह लायेगा, लेकिन चारित्र्य का नाश हुआ तो सर्वस्वनाश समझना चाहिये।

''हरिचरित्रामृत सागर'' में स.गु. आधारानंद स्वामीने कहा है कि - ''सत्संग में कभी भी काम बुद्धि का भाव नहीं आने देना चाहिये। अन्यथा इस जीव को नाना भांति योनियों में भटकना पड़ेगा। भगवान तथा भगवान के भक्त में निर्मलभाव हो तो संसार के सुख को उल्टी तथा मलके समान दिखाई देता है। श्रीहरि ने इस सत्संग में ऐसा प्रबन्धकिया है कि स्वप्न में भी पर पुरुष का या परस्त्री का संग हो जाय तो उपवास करना चाहिए। दूसरे ढंग का संबन्धहो तो चार घड़ी भगवान की मूर्ति का ध्यान करते हुये जोर-जोर से भजन करनी चाहिये। जगत में स्त्री एवं धन के लिये लोग नाक कान कटा देते हैं। ब्रह्मवेत्ता पुरुष या ब्रह्मवेत्ता स्त्री यदि एक दूसरे के सहवास में रहने लगती है तो उसके धर्म की रक्षा सम्भव नहीं है। पूर्व के इतिहास में देखा जाय तो ख्याल आयेगा कि हजारो वर्ष तप करने के बाद भी कामवासना के कारण बड़े-बड़े देव तथा ऋषि भी पतित हुये हैं। इसलिये जो श्रीहरि के नियम में अपना व्यवहार करते हैं चाहे वे त्यागी हो या गृही हों, स्त्री हों या पुरुष सभी का संयम बना रहता है। लोया के प्रथम वचनामृत में निर्मानानन्द स्वामीने प्रश्न पूछा कि ''काम को मूल से नष्ट करने की क्या उपाय है। इसके उत्तर में श्रीहरिने कहा कि प्रथम आत्मनिष्ठा दृढ होनी चाहिये द्वितीय आठ प्रकार से ब्रह्मचर्य का पालन करते हुये भगवान की महिमा को समझकर पंचवर्तमान में दृढता रहने से काम को मूल से उखाडा जा सकता है। ब्रह्मचर्य के नियम में कभी डिगना नहीं चाहिये।

आज वाचनामृत में स.गु. नित्यानंद स्वामीने भी यह प्रश्न पूछा था। ''कामादिक को दूर करने के क्या उपाय है।'' इस प्रश्न के उत्तर में श्रीजी महाराज ने कहा कि कामादिक शत्रु तभी दूर होंगे जब बड़ी निर्दयता के साथ उन्हें दंड दिया जाय, कामोत्तेजित होने पर उसका प्रतिकार करना भी एक उपाय है। जिस तरह धर्मराज पापियों को मारने के लिये रात दिन तैयार रहते है, इसी तरह इन्द्रियां यदि कुमार्ग के रास्ते पर चलें तो इन्द्रियों को दंड दे, इन्द्रियों का दंड उनका दमन हैं। जब अन्तःकरणकुमार्ग पर चले तो उन्हें दंड दे। इन्द्रियो का कृच्छ चान्द्रायण व्रत करके दमन करे, अन्तःकरण को उत्तम विचारों से दंडित करे। तभी कामादिक शत्रुओं का अपने आप नाश हो जायेगा। श्रीहरि की अत्यन्त कृपा से ही सम्प्रदाय के आश्रित भक्तों को काम वासना से बचने के लिये प्रभु दर्शन के लिये स्त्री-पुरुष की अलग व्यवस्था की गयी है। मंदिर में स्त्री पुरुष का स्पर्श न हो इसके लिये उचित व्यवस्था की जाती है। शिक्षापत्री में श्रीहरिने कटु आलोचना की है। उपरोक्त वात से यह समझा जा सकता है कि श्रीजी महाराज को अपने भक्तों के कल्याण की कितनी उत्कट भावना है। क्या अपना वर्तन महाराज के अनुसार है ? यदि न हो तो अपनी भूल को आज से सुधारने का प्रयत्न करना चाहिये। सतत इसकी याद रखनी चाहिये कि पूर्व के बड़े-बड़े ऋषि-महर्षि भी च्युत हुये है, इसलिये महाराज की आज्ञा मानकर प्रत्येक स्त्री-पुरुष नियम में रहें। महाराज की आज्ञा में अपना जीवन समर्पण करने से खुद जीवन चमक उठेगा। महाराज की आज्ञा में रहने से स्वयं को मजबूत बनाकर मन को हल्का करना चाहिये। संत कहते है कि ''महाराज जब से अहमदाबाद में श्री नरनारायणदेव की स्वहस्ते प्रतिष्ठा की है तब से इस स्थान के आश्रितों के कल्याण का खजाना खुल गया है। जिन्हे कितनी आवश्यकता है वे इस खजाने को लूंटे, अन्यथा जीवन में पछताने के सिवाय हाथ में कुछ नहीं आयेगा।

जैसी है वैसी बात

- अतुलभाई पोथीवाला (अमदावाद)

ज्ञान का भंडार वचनामृत है । श्रीहरिके मुख से निकला हुआ यह वचनामृत है । जिसके श्रवण, मनन, निदिध्यासन करने से श्रीहरि की अलौकिक ध्वनि हृदय में उतर जाती है।

उदाहरण के रुपमे - सं. १८८२ शुक्ल सप्तमी की रात्रि का समय है । जेतलपुर की सभा में श्रीहरि कहते हैं कि''सर्वे सांभड़ो आज तो अमारे जेम छे तेम वात करवी छे'' । श्रीजी महाराजने कहा कि हम जो चाहते हैं वही होता है । क्योंकि हम भगवान श्री नरनारायणदेव ऋषि के रुप में हैं । हमारे पास जो भी महापापी आयेगा उसका सभी पाप हम नष्ट कर देंगे । जो धर्म के नियम में रहेगा उसे हम अन्तकाल में अपने धाम में ले जायेंगे ।

अक्षरधाम के पति पुरुषोत्तम नारायण प्रथम धर्म देव तथा भक्ति से श्री नरनारायणदेव के रुप में प्रगट हुये, वे ही आज भी बद्रिकाश्रम में तप करते रहते है । वे ही नरनारायण ऋषि इस कलियुग में नारायण मुनि के रुप में प्रगट होकर इस सभा में विराजमान रहते हैं । अर्थात् श्रीकृष्ण भगवान जो अक्षरधाम के धामी है वही श्री नरनारायण देव हैं । वेही इस सभा में नित्य विराजमान रहते हैं । अक्षरधाम के अधिपति सर्वोपरि भगवान श्री स्वामिनारायण श्री नरनारायणदेव के स्वरुप में अखंड विराजमान रहते हैं।

इसके अलांवा श्रीहरि कहते हैं कि श्री नरनारायणदेव को हमारा रुप जानकर लाखो रुपये खर्च करके शिखरी मंदिर अमदावाद में बनवाया है - जिस में श्री नरनारायणदेव को प्रतिष्ठित किया है । श्री नरनारायणदेव अखंड ब्रह्मांड के राजा हैं।

उसमें भी भरतखंड के विशेष राजा है । ऐसे श्री नरनारायणदेव को छोड़कर जो अन्य देव की उपासना करता है वह व्यभिचारीणी स्त्री की तरह अन्य जारपति का सेवन जैसे है।

इसलिये आप यदि हमारा वचन मांनेगे तो हम जिस धाम से आये है उस धाम में आप सभी को लेजायेंगे । हमारा जो दृढ आश्रय रखेगा उसकी हम सर्व विधरक्षा करेंगे . जो मेरे रीति-नीति के अनुसार, मेरे धर्म का पालन नहीं करेंगे वे महादु:ख को प्राप्त करेंगे ।

श्रीहरिने सभी को जैसी वात थी वैसी समझायी है। हम जो हैं वह प्रत्यक्ष श्री नरनारायणदेव हैं । हमारी आज्ञा के अनुसार दृढ आश्रय रखेंगे तो सर्व सुख प्रदान करेंगे और अन्तिम समय में अक्षरधाम में ले जायेंगे । सत्संग का परित्याग दु:ख का कारण होगा । जिस रुप में हम हैं उसी रुप में भजन-भक्ति से सुख और शान्ति मिलेगी । प्रभु में स्नेह करने से आनंद मिलेगा । आनंदका दूसरा कोई साधन नहीं है । अपनी भावनाओं को प्रभु में लगाना ही सुख है । बार-बार इधर उधर भटकना दु:ख का कारण है । एक निष्ठा भक्ति, एक स्थान पर चित्त को स्थिर करना ही श्रेयष्कर है।

सत्संगी दु:खी होता है, या बिमारी आती है, धन हानि होती है, परिश्रम करने पर भी सुख-शान्ति नहीं मिलती तो उसका कारण यही है कि प्रभु को अच्छी तरह समझा नहीं है।

भगवान स्वामिनारायण में भगवान पना जैसा है वैसा ही है उसमें कोई अन्तर नहीं है । उन्हीं में दृढ आश्रय रखना, उन्ही की आज्ञा में रहना है सभी त्यागी-गृही-नर-नारी के लिये सुखावह है । जो श्री नरनारायणदेव को समर्पित हो गये है उन्हें दु:ख का लेशमात्र भी अहसास नहीं होता, प्रभु स्वयं अपने ऊपर उस दु:ख को लेकर भक्त को सुखिया कर देते है । हम भगवान के हैं भगवान हमारे हैं यह भाव सदा मन में रहना चाहिये ।

श्री स्वामिनारायण मासिक में प्रसिद्ध करने के लिये लेख, समाचार एवं फोटोग्राफ्स ई-मेईल से भेजने के लिए नया एड्रेस

shreeswaminarayan9@gmail.com

श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से

भगवान श्री स्वामिनारायण समग्र गुजरात में मुमुक्षुओं के कल्याणार्थ विचरण करते थे । उस समय उन्हें सभी हरिभक्त अनेकों भेट देते थे । कितने धनी हरिभक्त आभूषणभी अर्पण करते थे । स्वर्णाभरण को प्रायः ब्राह्मणों को दान कर देते थे । इसीलिये आचार्य परम्परा में बहुत कम आभूषण मिलता है । उन आभूषणों में से बाजूबन्धकी तस्वीर दिखाई दे रही है । जो म्युजियम के होल नं. १ में रखी गयी है ।

प.पू. बड़े महाराजश्री के आशीर्वाद से तथा
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से

द्वितीय स्थापना दिन

फाल्गुन शुक्ल-३ ता. १४-३-२०१३ गुरुवार
महापूजा महाभिषेक मुख्य होल में रखा गया है ।
सह यजमान का ११०००/- रुपये तथा ५०००/- रुपये
महापूजा महाभिषेक के यजमान हेतु संपर्क सूत्र
फोन नं. : ०७९-२७४८९५९७
मो. : ९९२५०४२६८६ (दासभाई)

श्री स्वामिनारायण म्युजियम
टोरेन्ट पावर के पीछे, नारणपुरा, अहमदाबाद

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि डिसेम्बर-२०१२

रु. २११११/- धनराज डेवलोपर्स, गांधीनगर कृते हरिकेशवदासजी।
रु. २१०००/- पटेल करशनभाई माधाभाई कृते शान्ताबहन, बिलियां।
रु. १५०००/- धर्मकुल आश्रित धर्मप्रेमी एक हरिभक्त, अमदावाद।
रु. ११११५/- झाला भरतसिंह बालुभा समला (मूलीदेश)।
रु. ११०००/- बलोल (भाल) गाँव के हरिभक्तों के तरफ से गंगा पूजन अशोकभाई परमार।
रु. ११०००/- मनीषभाई नटवरभाई पटेल कृते कलाबहन।
रु. ११०००/- धीरजभाई के. पटेल, अमदावाद।
रु. ११०००/- माणेकलाल एन. पटेल राजपुरवाला।
रु. ५००१/- डॉ. कांतिभाई एन. पटेल, मुंबई।
रु. ५००१/- जेठाभाई लालदास डांगरवा प्रवीणभाई, भरतभाई।
रु. ५०००/- परसोत्तमभाई हरजीभाई, नडीयाद।
रु. ५०००/- नरसी कुंवरजी मारवी (जीरागढ-सुरत)।
रु. ५०००/- पटेल विष्णुभाई एच. कलोल।
रु. ५०००/- कल्याणभाई नारायणभाई पटेल, कडी।
रु. ५०००/- डॉ. रमेशभाई चुनीलाल गुसाणी।
रु. ५०००/- पटेल वर्षाबहन गोविंदभाई, सडासणा।
रु. ५०००/- मीनाबहन सुरेशभाई जवेरी, मुंबई
रु. ५०००/- दिनेशभाई के. भगत कृते अमीषबाई, अमदावाद।
रु. ५०००/- केशवलाल शंकरदास पटेल, लांधणज।
रु. ५०००/- रमेशभाई तुलसीभाई चोटलिया, धूलकोट-सुरत।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति के अभिषेक की नामावलि (डिसेम्बर-२०१२)

ता. १-१-१३ बाबुलाल त्रिकमलाल ठक्कर, विरमगाँव।
ता. १०-१-१३ राजूभाई कान्तिभाई पटेल, डांगरवावाला तथा घनश्यामभाई पटेल कृते पी.पी. स्वामी (छोटे)
ता. १३-१-१३ श्री स्वामिनारायण मंदिर महिला मंडल कृते शा.स्वामी विश्वस्वरुपदासजी, कपडवंज।
ता. २०-१-१३ मनोजकुमार अमृतलाल मिस्त्री, नवावाडज।
ता. २३-१-१३ इन्द्रवदन रावजीभाई पटेल, नारणपुरा।
ता. २४-१-१३ श्रीजी एन्टरप्राइज - नाईरोबी कृते हरेशभाई व्रजलालभाई सोनी, विनोदभाई वालजीभाई, सधुसूदन जयंतीभाई नरेशकुमार जयंतीभाई।

प.पू. बड़े महाराजश्री की उपस्थिति में श्री नरनारायण देव की महिमा बताते हुये कोलर ट्यून (वोडाफोन धारण करने वाले) अपने मोबाईल में चालू करने के लिये सी.टी. नाम महाराज जी सी.टी. कोड २७०९३०

Caller Tune Name : Maharaj ji
Caller Tune Code : 270930

संप्रदाय में एकमात्र व्यवस्था स्वामिनारायण म्युजियम में महापूजा। महाभिषेक लिखवाने के लिए संपर्क कीजिए।
म्युजियम मोबाईल : ९८७९५ ४९५९७, प.भ. परषोत्तमभाई (दासभाई) बापुनगर : ९९२५०४२६८६
www.swaminarayanmuseum.org/com email:swaminarayanmuseum@gmail.com

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

सत्संग से एकता रही है

(शास्त्री हरिप्रियादसजी, गांधीनगर)

बडे भाग्य से मनुष्य शरीर मिला है । भगवान की असीम कृपा है । इसी लिये मनुष्य का अवतार मिला । मनुष्य के अलांवा अन्य जीव सृष्टि में भी बहुत कुछ है । आहार, निद्रा, भय, इत्यादि समान है । लेकिन मनुष्य की तरह बुद्धि नहीं होती । इसी लिये तो उसे पशु कहा जाता है । जिस मनुष्य में बुद्धि न हो उसे भी पशु की उपमा दी जाती है । जब मनुष्य देह मिली है तो धर्म के नाम पर झगड़ा त्याग कर भजन-भक्ति करके जिन्दगी को धन्य बनानी चाहिये । इसे समझने के लिये अधो निर्दिष्ट लेख का वांचन करें - प्रकृति के गोंद में पर्वतों से घिरे हुये जिसके बगल से नदी एवं झरना बहता था ऐसे गाँव में नाना जाति के लोग रहते थे । जहाँ पर मनुष्य रहते हैं वहाँ सब कुछ रहता है । बजार, मंदिर, पर्यटन स्थल, घर, हवेली, झूपडी इत्यादि । उस गाँव में आठ-दश सुखी कुटुम्ब भी रहता था । खुब संस्कारी एवं इज्जतदार परिवार था । घर के बड़े राधेश्यामजी थे । उनकी पत्नी मंगला बा थी । ज्येष्ठ पुत्र ज्येष्ठजित तथा पुत्र वधू कुमुद थी । बाकी लोग छोटे-छोटे थे । अभ्यास करते थे ।

शेठ राधेश्यामजी की पीढी थी । गाँव में तथा गाँव के बाहर भी उनका माल जाता था । वे भी बाहर से माल लाकर गाँव में बेचते थे । प्रतिष्ठित व्यक्ति थे । सुख शान्ति वाला जीवन था । गाँव में सभी संस्कारी नहीं होते । ईर्ष्यालु भी होते है । शेठ राधेश्यामजी धार्मिक प्रवृत्ति एवं उदारवृत्तिवाले थे । गरीबों की सहायता करने में भाव रखते थे । आवश्यकता के अनुसार सहायता भी करते थे । इससे उनकी प्रतिष्ठा बनी रहती ।

गाँव के अन्य व्यापारियों को उनकी वाहवाही अच्छी नहीं लगती थी । शेठ राघेश्याम के घर में अशान्ति तथा कलह पैदा हो ऐसा सोचते थे । संयोग से उस गाँव में एक ऐसी माहिलाथी जो षडयंत्र में बड़ी निपुड़ थी । उस गाँव के ईर्ष्यालु व्यापारी मिलकर उस महिला को धन का लालच देकर उससे कहे कि तुम ऐसी उपाय करो कि सास-बहू, पति-पत्नी आपस में ईर्ष्या - झगड़ा करने लगें । वह महिला पैसे के लालच में कार्य करने के लिये तैयार हो गयी ।

एकदिन शेठ के घर के आसपास घूंमकर उनके घर की प्रवृत्ति जान ली । उसने देखा कि शेठ का बड़ा लड़का भगवान शिव का परम भक्त है और उसकी पत्नी कृष्ण की उपासक है । अब दोनों में झगड़ा लगाना सरल हो जायेगा । वह प्रतिदिन कृष्ण के मंदिर में जाती और मायावी महिला भी उस मंदिर में जाकर मिलती । दोनो मित्रवनगयीं । अब मायावी महिला प्रतिदिन एक ही वात उसके कान में भरती कि तुम बड़ी अच्छी हो जो भगवान श्रीकृष्ण की भक्ता हो, तुम्हारा पति पता नहीं कहाँ से शिव का भक्त हो गया, जिस शिव के पास रहने का घर नहीं पहनने के कपड़े नहीं, अलंकार में सांप-बिच्छु धारण करते हैं, स्मशान में रहते हैं, स्मशान की राख शरीर में लगाते हैं । हमारे पति ऐसा करें तो हम कभी ऐसा चलावे नहीं । यह सुनकर ज्येष्ठजित की पत्नी प्रतिदिन भगवान शिव को भलाबुरा कहकर झगडने लगी । अब उस मायावी महिला की चाल सार्थक हो गयी । इस तरह दोनो पति - पत्नी में यदा कदा झगड़ा होने लगा ।

एकदिन दोनो का झगड़ा पराकाष्ठा पर पहुँच गया । उसी समय उस गाँव में शांतिनाथ नामके एक वितरागी महात्मा आये हुये थे । गाँव के रामजी मंदिर में ठहरे हुये थे । प्रातः सायम् गाँव में घूम आते । सायंकाल मंदिर में दर्शन के लिये आने वाले भक्तों को कथा-प्रवचन सुनाने । गाँव के भक्त उनके चरण में कुछ भेंट रखते, उसी से

उनका खर्च चलता । संयोगवश महात्माजी का उसी समय शेठजी के दरवाजे से निकलना हुआ जब दोनो पति-पत्नी आपस में लड़ रहे थे । झगड़े की आवाज सुनकर महात्माजी दरवाजे के सामने खड़े हो गये । पति की आवाज में सुने कि तूं रोज अब झगड़ा करती है इस लिये मैं घर छोड़कर काशी जाकर भगवान शिवका साक्षात्कार करुँगा । मेरे जाने के बाद तुम्हे खबर पड़ेगी कि कैसा दु:ख होता है । दु:खी हो जाओंगी । पत्नी की आवाज में सुने कि मैं भी इस घर में अब नहीं रहूँगी । मैने भी निर्णय कर लिया है कि वृन्दावन जाकर रहूँगी । मीरा-राधा की तरह भगवान की भक्ति करुँगी । मेरे जाने के बाद खबर पड़ेगी कि पत्नी के विना घर स्मशान जैसा होता है या नहीं । महात्माजी ने यह सब सुनकर विचार किया कि ये दोनो निश्चित ही अच्छे संस्कारी है, इनका घर उजड़ने से रोकना चाहिये । अभी थोड़े प्रयाश से कार्यलाभ हो जायेगा । महात्माजी दरवाजे के पास जाकर दरवाजा खटखटाये, दोनो बाहर आये । दोनो से कहने लगे कि आपकी पूरी बात मैने सुनली है । अब आपदोनो मेरी वात सुनो ।

आप दोनो संस्कारी है, इसलिये झगड़े में भी काशी-वृन्दावन जाने का विचार किये । आप दोनो की धार्मिक भावना सुनकर ही मेरे मन में आप दोनो से वात करने की इच्छा हुई । आप दोनो काशीवृन्दावन जाकर जो शान्ति प्राप्त करना चाहते हो वह आप दोनो इसी घर में एकता और सद्भावना के साथ रहोगे तो निश्चित ही काशीवृन्दावन यहीं हो जायेगा और शान्तिमय जीवन जीपाओगे । यदि आप में एकता तथा सद्भावना नहीं रहेगी तो वहाँ जाने पर भी मन अशान्त रहेगा और दूसरे के साथ झगड़ते रहोंगे । भगवान शिव तथा भगवान कृष्ण दोनो एक ही है दोनो में भेद मानना ही मूर्खता है और अशान्ति का कारण है भेद भूलकर भजन-भक्ति करो । महात्माजी की यह वात सुनकर दोनो में असर हुई । मत-मतान्तर छोड़कर-एक दूसरे के पैर परगिरकर माफी मांगे और मायावी महिला की मायाजाल से बाहर निकल कर महात्माजी की आज्ञामाने जिससे पुन: जीवन सुखी हो गया ।

मित्रो ! यह वात सभी के लिये प्रेरणादायी है । स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री में भी कहा है कि ''नारायण तथा शिव को एकात्मभाव से जानना'' । अपने इष्टदेव में श्रद्धा रखना उसी का आश्रय रखना लेकिन श्रद्धा सभी में रखने से जीवन में कल्याण होगा । कभी भी किसी देवी-देवता की निन्दा नहीं करनी चीहिये, घर में एकता रखकर भगवान की भजन भक्ति करनी चाहिये । इससे भवान का घर में निवास होता है । धर्म रसायन कहा गया है । यह औषधिजिसके घर में है वहाँ शांति-आनन्द की प्राप्ति होती है ।

●

सभी को राजा होना है

(साधु श्री रंगदास - गांधीनगर)

कोई तपस्वी असामान्य तप कर रहे थे । सभी तो शीर्षासन से तप करते है लेकिन वे महात्मा सुपारी पर माथा रखकर तप कर रहे थे । उनकी प्रतिष्ठा पूरे देश में फैल गयी । क्या तपस्वी है ? हजारो लोग पैर छूने लगे । तपस्वी की साधना देश के हित में होती है । इस भावना से राजा उस तपस्वी के यहाँ जाकर चरण स्पर्श किया । राजाने देखा कि तपस्वी इतनी कठिन तपस्या कर रहा है तो उसका हृदय द्रवित हो गया । विन्ती करने लगा कि ऐसी कठिन तपस्या करने की क्या जरुरत ? तपस्वी ने कहा कि यह तपस्या मैं भगवान को प्रसन्न करके राजा बनने के लिये कर रहा हूँ । यह सुनकर राजा ने कहा कि मैं राजा हूँ, फिर भी दु:खी हूँ । समस्याओं का कोई अन्त नहीं है । आप उसी समस्या को मस्तक पर लेने के लिये तप कर रहे हैं । जीव का कभी कोई संकल्प पूर्ण नहीं होता । वह सदा अधूरा ही रहता है । जब कि परमात्मा का सभी संकल्प पूर्ण होता है । श्रुति भी कहती है - ''सत्यकाम: सत्य संकल्प:'' लेकिन जीवात्मा के महत्वांकांक्षा का कभी अन्त नहीं होता । इस तरह जीव का संकल्प कभी पूरा नहीं होता । अनन्त चाहनायें होती रहती है । यही जीव का स्वभाव है । अपनी इच्छा की पूर्ति के लिये नानाविधप्रयत्न करता रहता है । कुछ पाने की सदा चाहना बनी रहती है । चाहना ही दु:ख का कारण है । पाठ-व्रत, दान, तप योग यह सब भगवान की प्रसन्नता के लिये है । लेकिन उस प्रसन्नता में भी जीव कुछ चाहना तो रखता ही है । जीव सदा अपूर्ण है । मात्र परमात्मांही पूर्ण हैं । उन्हीं की कृपा से उनके भक्त पूर्ण धाम हो जाते हैं । इसलिये भगवान का एकनाम मंगलकारी भी है ।

भक्तिसुधा

प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से
"हम भगवान को मानते है लेकिन भगवान का नहीं मानते"

(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

हम भगवान के मंदिर में जाते हैं तो उस मंदिर में उत्सव हो या आरती का समय हो खूब भीड़ होती है। अर्थात् जो लोग मंदिर में आते हैं वे सभी भगवान को मानते हैं। परंतु इस आनेवाली भीड़ में भगवान के मानने वालों की संख्या बहुत कम होती हैं। जो लोग भगवान को सच्चे दिल से मानते हैं, उन्हें परमात्मा के वचन या आज्ञा पालने में विश्वास होता है। ऐसे लोग परमात्मा की आज्ञा का पालनभी करते हैं। परंतु हम परमात्मा की आज्ञा का पालन नहीं करते, बल्कि परमात्मा की फरियाद अवश्य करते हैं और कहते भी हैं कि हम सदा दु:खी क्यों रहते हैं। हम अपने शर्त के ऊपर धर्म का पालन कते हैं। हम अपनी व्यवस्था के अनुसार धर्म का पालन कतरे हैं। हम परमात्मा के नियम के अनुसार धर्म का पालन करते हैं। यदि हम अपने स्वतंत्र नियम के अनुसार जीवन का व्यवहार करेंगे तो उसे सच्ची शरणागति नहीं कही जायेगी। इसलिये हमें अपने नियम के अनुसार नहीं बल्कि परमात्मा के बनाये नियम के अनुसार जीवन का व्यवहार करना चाहिये। श्रीहरि की आज्ञा का पालन करना है। यदि राजापरिक्षित का सात दिन में कल्याण हो सकता है तो क्या हमारा कल्याण नहीं हो सकता ? इसके लिये अन्तर से सभी में वैराग्य का भाव आना आवश्यक है। अपने भीतर कमियों को दूर करना होगा। परन्तु हम अपने भीतर की कमी विना देखे दूसरों पर आरोप लगाते हैं। यहाँ तक भगवानको भी दोषित करते रहते हैं। भगवान हमें दु:खी करते हैं, भगवान की कृपा नहीं है। परमात्मा कभी किसी को दु:खी नहीं करते। परमात्मा भी भेद भाव नहीं रखते। यह समझने लायक वात है। दोष हम में हैं। संसार सभी जगहों से खराब हैं। संसार में दोष ही दोष है। माया का खेल हैं। माया के वश होकर सभी गलत कर्म करते हैं और उसी किये हुए कर्म के अनुसार फल पाते हैं, लेकिन दोष अन्य को या परमात्मा को देते हैं। परमात्मा को पाने के लिये यह संसार मिला है। उसमें भी मनुष्य शरीर मिली है। हमारी भूल है कि हम जगत की तरफ देखते हैं, परमात्मा की तरफ नहीं देखते। यही हमारी अज्ञानता है। यही हमारा दोष है। यही हमारी भूल है। प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य को करे तो भूल नहीं होगी, दोष नहीं होगा। उसके लिये दो विकल्प है। एक तो यह कि परिस्थिति को बदलना होगा या दूसरे की परिस्थिति के अनुकूल होना होगा। यदि हम जिस परिस्थिति में हैं उसे बदलने जायेंगे तो ९०% सम्भव नहीं होगा। इससे अधिक दु:खी होने की सम्भावना है। इसकी अपेक्षा शरणागति अर्थात् परिस्थित के अनुकूल हो जाना। इसके लिये क्या करना होगा ? ऐसा मान लेना कि जो कुछ मेरे जीवन में है वह श्री नरनारायणदेव की कृपा से है। और जो कुछ दु:ख है वह हमारे स्वभाव के कारण है। बाहर का शत्रु परेशान करे तो शरीर में चोट लगती है और अन्दर का शत्रु हेरान करे तो आत्मा को चोट लगती है। इसके लिये अन्त:करण को शुद्ध रखना चाहिये। इसके लिये क्या करना होगा ? तो जिस तरह सागर को पार करने के लिये नाव की जरुरत होती है ठीक उसी तरह संसार सागर को पार करने के लिये इस शरीर की जरुरत होती है। जिस तरह नाव खराब हो तो सागर पार नही कर सकते और बीच में ही डूब जायेंगे। इसी तरह शरीर में विषय वासना भरे रहने पर संसार सागर भी पार नहीं कर सकते। इस के लिये क्या करना चाहिये ? जिस तरह नाव में बिल हो गयी हो तो पानी भी तर आयेगा और आत्म रक्षा के लिये परमात्मा की एकमात्र शरण स्वीकारनी पड़ती है, इसके साथ ही कर्म भी करना पड़ता है। वह कर्म यह कि जितने यात्री बैठे है सभी पानी उलेचने लगते है। इस तरह बचने की पूरी

सम्भावना रहती है और नाव भी धीरे धीरे किनारे आ सकती है। इसी तरह भक्ति और कर्म दोनो साथ-साथ होगा तो निश्चित ही कल्याण सम्भव है। इसी तरह आत्मचिन्त करके अपने भीतर के सभी अवगुणों को धीरे-धीरे बाहर निकालना है। इसी तरह करते रहने से भगवान की आज्ञा का पालन होगा और आत्म कल्याण निश्चित है। परमात्माकी आज्ञा का पालन करना ही भव सागर पार करने की बात है। सब कुछ स्वीकार करके भगवान में श्रद्धा रखकर आत्मचिन्तन करते रहना चाहिये। ज्ञात-अज्ञात में कोई खराब कर्म हो गया हो तो क्षमा याचना करनी चाहिये।

इसी तरह प्रतिदिन का क्रम बनाना चाहिये। खराब कर्म करने का उद्देश्य नहीं होता फिर भी हो जाता है। भगवान बड़े दयालु हैं सभी का पोषण करते हैं। सभी को माफ कर देते हैं। आप सभी का सत्संग खूब बढे ऐसी भगवान श्री नरनारायणदेव के चरणों में प्रार्थना।

●

विदुर नीति

- सां.यो. कंचनबा (ध्रांगध्रा)

भगवान स्वामिनारायण हम सभी के लिये बहुत प्रयत्न किये है। तत्कालीन संतो को गाँव-गाँव भेंजकर सभी को सत्संग के मार्ग पर लगाया। सत्संगिजीवन, सत्संगिभूषण, भक्तचिंतामणी जैसे शास्त्रों की रचना करवाये। अमृतवाणी रुपी सागर का संग्रह ''वचनामृत २७३'' संतो से तैयार करवाये इन सभी से यदि कुछ रह गया तो सर्व विधसभी के कल्याण हेतु शिक्षापत्री ग्रंथ का स्वयं निर्माण किये। जिस शिक्षापत्री में विष्णुसहस्त्रनाम, भगवद गीता, विदुरनीति को अपना प्रिय शास्त्र बताया है। सभी को वांचने की आज्ञा भी किये हैं। विदुरनीति हम सभी के लिये बहुत उपयोगी है। व्यावहारिक जीवन में विदुरनीति बहुत कारगत सिद्ध हुई है। गुप्त मंत्रणा किसके साथ नहीं करना चाहिये -

जैसे - (१) जिसके पास कम बुद्धि हो, (२) दीर्घ सूत्री।(३) क्षणभर में भाव विभोर होने वाला।(४) जो स्वयं अपनी बड़ाई करता हो।

अधोनिर्दिष्ट चार वस्तुयें तुरंत फल देने वाली होती है। देवों का संकल्प तुरंत फल देता है। देवों का संकल्प अर्थात् शुभ कंकल्प। दूसरा महापुरुषों का तप जल्दी फल देता है। कारण यह कि वे परमार्थ के लिये तप करते हैं। तीसरा गुरु के पास जो विनीत रहता है उसे सद्य: फल की प्राप्ति होती है। चौथा पापियों के नाश करने से भी तुरंत फल मिलता है। अर्थात् पापमय आचरण या अनिष्ट विचारों का नाश।

ग्रहस्थाश्रमी अपने बड़ो में श्रद्धा रखें।

वृद्ध तीन प्रकार के बताये गये हैं - वयोवृद्ध, तपोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध। जो इस तरह करेगा वह संसार में कहीं भी पीछे नहीं रहेगा।

इसके अलांवा मौन, शास्त्र का अध्ययन, यज्ञ तथा अग्नि होत्र इन चारों को या चार में से एक को भी जो अपने जीवन में उतारता है उनके जीवन में कभी कोई हानि नहीं होती। इन उपरोक्त विचारो में जिसकी शुभ निष्ठा नहीं होगी उन्हें लाभ नहीं मिलेगा, हानि होगी। ब्रह्मानंद स्वामी ने लिखा है कि - इसी लिये तो विदुर नीति का भाषांतर किया हूँ। विदुरनीति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होती है।

अलग-अलग हजारों काम करें तो काम किया हुआ कहा जायेगा। लेकिन एक ही काम को हजार वार करें तो वह कार्य सिद्ध कहा जायेगा।

●

धर्म की गति न्यारी

- लाभुबहन मनुबाई पटेल (कुंडाल-कडी)

संसार कर्माधीन कहा गया है। जो जैसे करता है वह वैसा पाता है। कोई किसी को न सुख देता है, न दु:ख देता है। स्वयं किये हुए कर्म का फल वह व्यक्ति भोगता है। वनवास की प्रथम रात्रि में भगवान राम लक्ष्मण से कहते हैं कि ''नहि कोई सुख दु:ख कर दाता। निजकृत कर्म भोग सुन भ्राता'' भगवान राम दशरथ के पुत्र सीता जनकराजा की पुत्री तथा दशरथ की पुत्र बधू तो भी आज उन्हें वन-वन विचरण करना पड रहा है और शयन के लिये जहाँ वे मखमल के गद्दे पर सोती थी वहीं आज घारसफूस पर सो रही है। यह कर्म फल है या कुछ अन्य ? यह सभी पूर्व का संचित है, जिसे इस जन्म में कर्म फल भोगने के लिये प्राप्त हुआ है।

अपने जीवन में भी ऐसा लगता है कि यह व्यक्ति हमें बड़ी पीड़ा (दुःख) दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है वह एक निमित्त मात्र है, जब कि हमारा पूर्व का संचित कर्म वैसा करवा रहा है। जब शुभ यश मिलता है तो स्वयं का किया हुआ मानता है इसी तरह जब उसे अपयश या दुःख मिलता है तो दूसरे को दोषित करता है। इसलिये संत सुख-दुःख में समानरुप रहते हैं।

सुख और दुःख इस जन्म में पूर्वनज्म का परिपाक है। अर्थात् जो पूर्वजन्म में किये है वही इस जन्म में मिल रहा है। इसलिये दूसरे को दोषित करना निरर्थक है। रामावतार में राम सात ताड़ के वृक्ष के पीछे छिपकर बालीका बधकरते हैं। वही बाली श्रीकृष्णावतार में अनजान में ही श्रीकृष्ण के पैर में बाण मारता है। यही कर्म का फल है।

महाभारत के युद्ध में धृतराष्ट्र के १०० पुत्र एक साथ मारे जाते हैं। इस विषय पर धृतराष्ट्र भगवान श्री कृष्ण से प्रश्न करता है कि हे अच्युत ? इस जन्म में मैंने ऐसे कोई पाप नहीं किये थे, फिर भी मेरे १०० पुत्र मारे गये। इसका क्या कारण ? इसके उत्तर में भगवान कहते है कि, आज से ५० जन्म पूर्व आप बहेलिया थे। एकवार आप पक्षियों को पकड़ने के लिये वृक्ष पर बैठे पक्षियों पर जलते हुये जाल को फेंके। उस जलते हुये जाल से कितने पक्षी मर गये। उस पाप का फल पड़ा रहा और आप का पुण्य अधिक होने से आप उस कर्म के फल उस समय नहीं इस जन्म में प्राप्त किये और अन्धे हुये, पुण्य के फल अनुसार १०० पुत्र प्राप्त किये लेकिन पक्षियों के जलने रुप जो पाप था उसका भी फल १०० पुत्र की प्राप्ति के बाद भी वे नष्ट हो गये। यही कर्म की गति है-कर्म की गती न्यारी है।

●

अनोखा भव्य उत्सव

- जानकी निकी कुमार पटेल (गुलाबपुरा)

